संख्या–1003/94–1–2019–312(83)2015

प्रेषक,

लालू,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

महानिरीक्षक निबंधन,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग–1 लखनऊः दिनांकः 06 सितम्बर, 2019

विषय– नव सृजित तहसील पयागपुर, जनपद–बहराइच एवं सरोजनीनगर, जनपद–लखनऊ में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा–05 एवं 07 के अधीन उप निबन्धक कार्यालय के सृजन एवं कार्यालयों को संचालित करने हेतु पदों के सृजन के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–1337/नौ–104/2018 दिनांक 18.08.2018 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नव सृजित तहसील पयागपुर, जनपद–बहराइच एवं सरोजनीनगर, जनपद–लखनऊ में उप निबन्धक कार्यालय की स्थापना हेतु पदों के सृजन के संबंध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्तानुसार उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल निम्नवत् उप निबन्धक कार्यालयों के स्थापना किये जाने हेतु निम्नलिखित अस्थायी पदों को उनके सम्मुख अंकित वेतनमानो में दिनांक 29.02.2020 तक के लिए, यदि ये पद इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिये जाएं, सृजित किये जाने पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

क्र0 सं0	नवसृजित कार्यालय का नाम	पदनाम	वेतनमान	अस्थायी रूप से सृजित पदों की संख्या
01	कार्यालय उपनिबन्धक, पयागपुर–बहराइच	उपनिबन्धक	रू 15,600–39,100 ग्रेड वेतन रू0 5,400/– (सातवें वेतनमान के अनुसार संशोधित वेतनमान रू0 56,100–1,57,700, लेवल–10)	01
		निबन्धन लिपिक	रू 5,200–20,200 ग्रेड वेतन रू0 2,000/– (सातवें वेतनमान के अनुसार संशोधित वेतनमान रू0 21,700–69,100, लेवल–3)	01
02	कार्यालय उपनिबन्धक, सरोजनीनगर–लखनऊ	उपनिबन्धक	रू 15,600–39,100 ग्रेड वेतन रू0 5,400/–	01

			(सातवें वेतनमान के अनुसार संशोधित वेतनमान रू0 56,100–1,57,700, लेवल–10)	
		निबन्धन लिपिक	रू 5,200–20,200 ग्रेड वेतन रू0 2,000/– (सातवें वेतनमान के अनुसार संशोधित वेतनमान रू0 21,700–69,100, लेवल–3)	01

3. इस संबंध में होने वाला व्यय अनुदान संख्या 91–लेखाशीर्षक, 2030–स्टाम्प एवं पंजीकरण, 03–पंजीकरण, 001–निदेशन तथा प्रशासन, 04–जिला व्यय के सुसंगत इकाई से वहन किया जाएगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–यू0ओ0–ई–9–1216/दस–2019 दिनांक 07.08.2019 में प्राप्त सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(लालू)
संयुक्त सचिव।

संख्या–1003(1)/94–1–2019, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही में हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।
2. संबंधित मण्डलायुक्त।
3. संबंधित जिलाधिकारी।
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज।
5. संबंधित कोषाधिकारी।
6. वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1/2
7. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–9
8. संबंधित सहायक महानिरीक्षक निबन्धन/उप महानिरीक्षक निबन्धन, उ0प्र0।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लालू)
संयुक्त सचिव।